---

01. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बिहार लोकतंत्र की जननी है और यहां के लोकतांत्रिक मूल्य देशभर के लिए अनुकरणीय है।

02 केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आम बजट को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार के विकास को नई दिशा देगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में एक हजार दो सौ चौबीस नवनियुक्त विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

04. और, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को राजद का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यालय में किया गया भव्य स्वागत।

---

बिहार विधानसभा के एक सौ पांचवां स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की भूमि लोकतंत्र की जननी रही है।

–––बाइट–––

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की भूमि हमेशा से लोकतांत्रिक प्रणाली की समर्थक रही है।

–––बाइट–––

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परम्पराओं और विधानमंडल की गरिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने में विधायिका की अहम भूमिका है।

–––बाइट–––

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहा कि आज आयोजित व्याख्यानमाला का उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र की चुनौतियों पर चर्चा करना और भविष्य में इसे और मजबूत बनाना है।

–––बाइट–––

बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि बिहार के लिए यह गौरव की बात है कि वैशाली लोकतंत्र की जननी है।

———बाइट———

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विधायिका के सशक्तिकरण में एक नये अध्याय का शुरूआत होने जा रहा है।

———बाइट———

---

केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने आम बजट को जनकल्याण, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास को मजबूत करने वाला बताया है। विकसित भारत बजट–दो हजार छब्बीस–सत्ताईस विषय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पटना में श्री रिजिजू ने आम बजट को गरीबों, किसानों और युवाओं के हित में बताया। उन्होंने कहा कि यह केंद्रीय आम बजट विशेष रूप से बिहार के विकास को नई दिशा देगा।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में एक हजार दो सौ चौबीस नवनियुक्त विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त चिकित्सक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करें, जिससे राज्यवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहें।

---

प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया। श्री यादव को कार्यालय में ढोल–नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, आलोक मेहता समेत वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री यादव ने पार्टी को मजबूत

करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने पार्टी के संगठन में मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत–अमरीका अंतरिम व्यापार समझौता फ्रेमवर्क को एक बड़ी उपलब्धि बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया है। पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह फ्रेमवर्क दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी, विश्वास और गतिशीलता को दर्शाता है। इस समझौते से देश के मेहनती किसानों, उद्यमियों, लघु और मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप और मछुआरों के लिए भी नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया पहल को मजबूत करेगा। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। समझौते का यह फ्रेमवर्क निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को और गहरा करेगा।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत रामफल मंडल के नाम पर भारत सरकार के डाक विभाग ने स्मारक डाक टिकट जारी करने का निर्णय लिया गया है। आज पटना में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डाक विभाग का यह निर्णय राज्य के वंचित समाज के स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

———बाइट———

---

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। इससे सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद एक बार फिर एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

इंडिया एआई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी–सीईओ अभिषेक सिंह ने कहा है कि आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई पर होने वाली चर्चा को ठोस परिणामों में बदलना है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से नागरिकों, विशेष रूप से विकासशील देशों के नागरिकों को लाभ होना चाहिए। एआई के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहले से ही देश में लोगों के जीवन को बदल रहा है और अब ध्यान जन–हित पर केंद्रित हो गया है।

---

रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। दिसंबर में यह अनुमान सात दशमलव तीन प्रतिशत था। यह अनुमान वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और वित्तीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद घरेलू मांग बने रहने का संकेत देता है। रिज़र्व बैंक ने यह भी कहा है कि अगले वित्त वर्ष यानी दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह दशमलव नौ प्रतिशत और दूसरी तिमाही में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है।

---

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने उम्मीदवारों को बेहतर सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अपने कॉल सेंटर के कामकाज के घंटे बढ़ा दिए हैं। यूपीएससी ने एक बयान में कहा कि सिविल सेवा परीक्षा – सीएसई दो हजार छब्बीस और भारतीय वन सेवा परीक्षा दो हजार छब्बीस के आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक कॉल सेंटर शनिवार, रविवार और छुट्टियों सहित सभी दिन चालू रहेगा। यह सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक दो शिफ्टों में कार्य करेगा।

---

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शुरु हो गया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन भारत और अमरीका का मैच खेला जा रहा है। भारतीय टीम में पटना के ईशान किशन भी खेल रहे हैं। ताजा समाचार मिलने तक भारतीय टीम ने सात ओवर में चार विकेट के नुकसान पर उनचास रन बना लिये हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में यह टूर्नामेंट आठ मार्च तक चलेगा।

प्रतियोगिता में बीस टीम पचपन मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के बाद सुपर–आठ और नॉक–आउट राउंड रखे गए हैं।

---

बीसीसीआई ने अंडर–19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम, तकनीकी स्टाफ और चयन समिति के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। भारत ने कल जिमबाब्वे के हरारे में फाइनल में इंग्लैंड को सौ रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता था।

---

शेखपुरा के जिला अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रविंद्र कुमार ने हत्या मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास और पांच–पांच हजार रूपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। वहीं, इस मामले के तीन लोगों को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया है।

---

वहीं, जहानाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिन्हा की अदालत ने हत्या के आरोप में आठ लोगों को आजीवन सश्रम कारावास कि सजा सुनाई है। साथ ही सभी पर तीस–तीस हजार रुपये अर्थ दंड भी लगाया है।

---

पूर्णिया जिले के मरंगा थाना अंतर्गत नेवालाल चौक पर पिछले दिनों हुई हत्या मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सेहरावत ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिक दर्ज कर सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

---

अरवल जिले में जिला प्रशासन की ओर से विकसित भारत– जी राम जी योजना को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने बताया कि यह योजना केंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र को समृद्ध बनाने के लिए लाया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बिहार लोकतंत्र की जननी है और यहां के लोकतांत्रिक मूल्य देशभर के लिए अनुकरणीय है।

02 केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आम बजट को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार के विकास को नई दिशा देगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में एक हजार दो सौ चौबीस नवनियुक्त विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

04. और, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव को राजद का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यालय में किया गया भव्य स्वागत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।